

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## दैनिक विवरणिका

**संख्या–17** **बुधवार, दिनांक–26 मार्च, 2025 ई०।**

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वा० से 11:12 बजे पूर्वा० तक**

**[1] आसन की सूचना :–**

आसन द्वारा सदन को निम्न सूचना दी गई :–

"माननीय सदस्यगण आज दिनांक 26 मार्च, 2025 को प्रथम पाली की समाप्ति के तुरंत बाद आप सभी माननीय सदस्यों का एक ग्रुप फोटोग्राफी होगा। यह ग्रुप फोटोग्राफी विस्तारित भवन के दक्षिणी उद्यान क्षेत्र में होगा। प्रथम पाली की समाप्ति के तुरंत बाद आप सब से आग्रह है कि विस्तारित भवन के दक्षिणी उद्यान में ग्रुप फोटोग्राफी स्थल पर एकत्रित हो।

माननीय सदस्यगण परंपरानुसार आज दिनांक 26 मार्च, 2025 को ही 07 बजे संध्या में बिहार विधानसभा परिसर में आप सब के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन है। आप सब से आग्रह है यथासमय अवश्य भाग लेने का कष्ट करें।"

**[2] सदन का प्रस्ताव :–**

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन को सूचित किया गया कि सभी दल के नेताओं से विमर्श के उपरांत 17वीं बिहार विधान सभा के चतुर्दश सत्र की शेष अवधि में कार्यों का निपटारा निम्न रूप से किये जाने पर सहमति बनी है। तत्पश्चात् माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा प्रस्ताव किया गया कि :–

1. शुक्रवार दिनांक 28 मार्च, 2025 के लिए निर्धारित बैठक नहीं हो।
2. शुक्रवार दिनांक 28 मार्च, 2025 के लिए स्वीकृत सभी प्रश्न एवं लंबित ध्यानाकर्षण की सूचनाएँ प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को समीक्षा हेतु भेज दिए जाए।
3. शुक्रवार दिनांक 28 मार्च, 2025 के लिए द्वितीय पाली के लिए स्वीकृत गैर सरकारी संकल्प वृहस्पतिवार, दिनांक 27 मार्च, 2025 को द्वितीय पाली में राजकीय विधयेक के स्थान पर लिए जाए। शेष कार्य यथावत रहेंगे।

तत्पश्चात् यह प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ एवं प्रतिवेदन पर सभा की सहमति हुई।

**[3] प्रश्नकाल :–**

(i) 03 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(iii) 199 तारांकित प्रश्न अनागत।

प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपनी सूचना सही समय पर उठाने एवं अपने–अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया। आसन द्वारा कहा गया कि माननीय सदस्यों के सहयोग से ही बजट सत्र अभी तक अच्छे से चला है। अब सदन का कार्यकाल केवल दो दिन बचा हुआ है जिसमें माननीय सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है। परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 02:00 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक)

[ इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ]

**[4] गैर सरकारी संकल्पः–**

(i) 10 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत।

(ii) 03 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत।

(iii) 96 गैर सरकारी संकल्प वापस।

(iv) 11 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ।

(v) गैर सरकारी संकल्प संख्या–90 एवं 105 पथ निर्माण विभाग में स्थानांतरित।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–83 के निस्तारण किये जाने हेतु समय कि मांग की गयी।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–87 के निस्तारण के पश्चात् आसन द्वारा सदन की सहमति से सदन की अवधि 4:30 बजे अप0 तक विस्तारित करने की घोषणा की गयी।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–103 के निस्तारण के पश्चात् आसन द्वारा पुनः सदन की सहमति से सदन की अवधि 5:00 बजे अप0 तक विस्तारित करने की घोषणा की गयी।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–108 के निस्तारण के पश्चात् माननीय अध्यासी सदस्य श्री दामोदर रावत ने आसन ग्रहण किया।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–114 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

आज के लिए संसूचित 144 गैर सरकारी संकल्प में से 126 का निस्तारण आज किया गया। आसन द्वारा घोषणा की गई कि शेष गैर सरकारी संकल्प की सूचनाऐं कल दिनांक 27 मार्च, 2025 को लिए जायेंगे।

**[5] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 48 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेगें।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक–27 मार्च, 2025 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–26.03.2025

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।